## निगमायुक्त ने स्वच्छता जागरुकता के स्कूली बच्चों की कार्यशाला आयोजित कराई



रीवा (नवस्वदेश)। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा स्कूली बच्चों की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें स्वच्छता जागरुकता बढ़ाने में सहयोग करने की समझाइश दी गई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्णत: रोकथाम हेतु स्कूली बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को समझाते हुए कहा कि जिस प्लास्टिक का उपयोग हम थोड़े से पैसे को बचाने के लिए करते हैं उसी प्लास्टिक से पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु हमें भारी मात्रा में व्यय करना पड़ता है। इसके साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण के संबध में विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्रदान की गई। मुख्य रूप से बच्चों में 3 आर को लेकर काफी उत्साह देखने के लिए मिला। उन्होंने वेस्ट को रिसाइकल कर बनाई गई कुछ वस्तुएं निगमायुक्त को भेंट किया। बच्चों की जिज्ञासा को देखते निगमायुक्त द्वारा उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा कपड़े के थैले का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

# स्कूली बच्चों ने पेपर बैग-डे पर दिए कागज के थैले

भा.सं.| रीवा

विश्व पेपर बैग दिवस के अवसर पर बिलाबाँग हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों ने नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन से मिलकर उन्हें गौरवांवित करने वाले पद की उच्चतर रैंक से प्राप्ति पर शुभकामनाएं व्यक्त किया तथा कागज के थैले भेंट किया। इस अवसर पर आयुक्त ने पर्यावरण संरक्षण के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्णतः रोकथाम के लिए उन्हें उसके दुष्प्रभावों को समझाते हुए कहा कि जिस प्लाटिक का उपयोग हम थोड़े से पैसे बचाने के लिए करते हैं उसी प्लास्टिक से पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु हमें भारी मात्रा में व्यय करना पड़ता है। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी भी दी। इस पर बच्चे काफी उत्साहित रहे। उन्होंने वेस्ट को रिसाइकल कर बनाई गई कुछ वस्तुएं आयुक्त को भेंट किया। बच्चों की जिज्ञासा को देखते हुए बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा कपड़े के थैले का उपयोग करने के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वच्छता कंसलटेंट अमित सिंह, एमआईएस टीम से सुखेन्द्र विश्वकर्मा, अमर सिंह, ट्यूलिप इटन्स तथा आईईसी टीम भी मौजूद रही।



दैनिक भास्कर
Fri, 14 July 2023
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/7293

दिन गुरुवार विन्ध्यभारत समाचार रीवा म०प्र०
दिनांक 13-7-2023

विंध्य भारत
vindhyabharat.in

विन्ध्यभारत रीवा
13-7-2023

## प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में
# ननि आयुक्त ने दी स्कूली बच्चों को जानकारी



### सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम हेतु चलाया गया सघन अभियान

विन्ध्यभारत समाचार रीवा
दि० 13-7-2023